# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा–माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2015–16 दिनांक: 23.04.2015

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा(प्रथम/द्वितीय)

विषयः प्रवेशोत्सव–2015 के सम्बन्ध में।

विषयान्तर्गत समन्वित विद्यालयों के संचालन हेतु जारी दिशा निर्देशा बिन्दु संख्या 1.4 का अवलोकन करावें। इस कम में आपके स्तर से मुद्रित करवाये जाने वाले पेम्पलेट्स व प्रवेश हेतु निमंत्रण पत्र आदि का नमूना सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न कर निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं:–

(i) प्रकाशित करवाये जाने वाले पेम्पलेट्स के मुख भाग पर संचालित योजनाओं आदि का विवरण अंकित है तथा पृष्ठ भाग पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम–2015 की रूपरेखा का मुद्रण करवाया जाना है। मुद्रित करवाये जाने वाले पेम्पलेट्स की संख्या का निर्धारण आपके अधीन संचालित विद्यालयों की संख्या, ग्राम पंचायतों की संख्या एवं राजस्व ग्रामों की संख्या के आधार पर शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी के साथ चर्चा कर निर्धारित की जानी है ताकि दिशा निर्देश के बिन्दु संख्या 1.4 के अनुरूप समस्त ढाणी व मजरौ तक प्रवेश उत्सव की जानकारी ग्रामवासियों को उपलब्ध हो सके।

(ii) प्रवेशोत्सव–2015 की कार्ययोजना की एक प्रति आपको सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है जिसके अनुरूप आपको अपेक्षित बैठकों का आयोजन करवाकर कार्यक्रम को प्रभावी व सफल बनाना है। कार्ययोजना से सम्बन्धित आवश्यक परिशिष्टों का आप भली भांति अध्ययन कर लेवें ताकि प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध में संख्यात्मक सूचनाओं का मॉनिटरिंग किया जा कर आवश्यक समीक्षा की जा सकें।

(iii) सर्वे के आधार पर विद्यालय से जोड़े जाने वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रवेश निमंत्रण पत्र भी सम्बन्धित शाला प्रधानाध्यापक के पर्यवेक्षण में सर्वे टोली के सदस्यो द्वारा उपलब्ध करवाया जाना है। प्रवेश निनंत्रण पत्र का मुद्रण आकर्षक व उचित संख्या मे करवाया जाये ताकि विद्यालय के संस्था प्रधान को बंडल के रूप में आप द्वारा दिया जा सके। प्रवेश निमंत्रण पत्र का प्रारूप कार्यक्रम–2015 के पृष्ठ भाग पर दायीं ओर मुद्रित है, जिसे अलग किया जाना है।

(iv) प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि समन्वित विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 में कम से कम 150. का नामांकन, कक्षा 6 से 8 में 105, कक्षा 9 से 10 में 40 प्रति कक्षा के अनुसार 80 तथा कक्षा 11 व 12 में प्रति कक्षा 60 के अनुसार कुल 120 विद्यार्थियों का नामांकन रहे। समग्र रूप से विद्यालय के नामांकन में वर्ष–2015 के प्रवेशोत्सव में कम से कम 5 नामांकन प्रति अध्यापक के अनुसार औसत रूप से 20 प्रतिशत की नामांकन में वृद्धि के प्रयास आप द्वारा किये जाने है।

(v) संस्था प्रधान द्वारा ग्राम पंचायतों, स्वैच्छिक संस्थान एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों व गांव के मुखिया व्यक्तियों से समन्वित प्रयास कर नामांकन के लक्ष्य को आसानी से गुणवत्ता के साथ अर्जित किया जा सकेगा। अच्छे कार्य करने वाले शिक्षक का विद्यालय स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर भी प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध में नव प्रवेशित छात्रों के साथ स्वागत किये जाने की कार्यवाही भी की जावेगी।

(vi) पेम्पलेट के मुख भाग का पूर्ण विवरण होर्डिंग्स के रूप में भी लगाया जायेगा। यह होर्डिंग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला कलक्टर की अनुमति से जिला कलक्टर कार्यालय के परिसर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद द्वारा निर्देशित जिला परिषद परिसर में लगाये जायेंगे। होर्डिंग्स पर किया जाने वाला व्यय कार्यालय व्यय मद में आवंटित राशि में से वित्तीय–लेखा नियमों के अनुरूप खर्च किया जा सकेगा।

(vii) पेम्पलेट के मुख भाग से संबंधित विवरण की फ्लेक्स शीट समस्त विद्यालयों में भी लगाई जायेगी। इन फ्लेक्स शीट की उपलब्धता कार्यवाही जिला-शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यालय व्यय मद से की जायेगी, किन्तु संबंधित विद्यालय की अनुपातिक राशि छात्रकोष/विकास कोष मद से डेबिट की जा सकेगी।

(viii) कार्ययोजना के अनुसार पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी ग्राम पंचायत की आम सभा के आयोजन के संबंध में स्थाई तिथि 1 मई नियत है। इस हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद से समन्वय कर जिला परिषद द्वारा जारी ग्राम सभाओं के कार्यक्रमानुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय से संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति अंकित कराकर प्रवेशोत्सव के संबंध में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख पृष्ठ पर अंकित योजनाओं के संबंध में ग्राम वासियों को अवगत करवाकर हाल ही में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में सुधार हेतु किये गये प्रयासों की भी जानकारी दी जायेगी।

(ix) पंचायत समिति व जिला परिषद की साधारण सभाओं के संबंध में संबंधित विकास अधिकारी, पंचायत समिति एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद से समन्वय कर प्रवेशोत्सव कार्य योजना के अनुसार जिला परिषद व पंचायत समिति की साधारण सभा बैठकों में एजेण्डा बिन्दु रखवाकर, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला परिषद की साधारण सभा में एवं मनोनीत अधिकारी द्वारा पंचायत समिति की साधारण सभा में उपस्थित रहकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी।

संलग्न–

(i) प्रवेशोत्सव कार्यकम–2015 मय प्रवेश निमंत्रण पत्र
(ii) कार्य योजना।

(सुवालाल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री(स्वतन्त्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर,
2. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
3. निजी सचिव, शासन सचिव, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर
4. समस्त जिला कलक्टर
5. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद
6. समस्त मण्डल उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन करने बाबत्।
7. समस्त अनुभाग अधिकारी, कार्यालय हाजा।
8. समस्त मनोनीत मण्डल प्रभारी अधिकारी, कार्यालय हाजा।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

राजस्थान सरकार

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम–2015



## आओ पढ़ाएं सबको बढ़ाएं



**प्रो.वासुदेव देवनानी**
**माननीय शिक्षा राज्य मंत्री**
**(स्वतंत्र प्रभार)**

**श्रीमती वसुन्धरा राजे**
**माननीया मुख्यमंत्री**

## बढ़ते कदम पाठशाला की ओर....









**(प्रथम चरण दिनांक 11 मई 2015 से 16 मई 2015)**
**(द्वितीय चरण दिनांक 26 जून 2015 से )**

***विशेष आकर्षण***

(i) राजकीय विद्यालय में प्रवेश उत्सव हेतु आमजन की सहभागिता
(ii) उच्च योग्यताधारी अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य
(iii) उच्च स्तरीय भौतिक एवं शैक्षणिक सुविधाऐं उपलब्ध
(iv) कक्षा–8 तक सभी के लिए मिड–डे–मील
(v) निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण
(vi) बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु निःशुल्क साईकिल वितरण एवं ट्रान्सपोर्ट वाउचर योजना
(vii) प्रतिभाओं को लेपटॉप वितरण
(viii) आदर्श विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय, शारदे आवासीय विद्यालय एवं समन्वित विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा में गुणात्मक सुधार
(ix) गार्गी पुरस्कार एवं आपकी बेटी योजना के माध्यम से बालिका शिक्षा की दिशा में विशेष प्रयास

# माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान, बीकानेर

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम–2015

माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान



**प्रवेशोत्सव अभियान–2015**



**कक्षा ..... में प्रवेश हेतु निमन्त्रण पत्र**

ब्लॉक –
नाम छात्र/छात्रा –
पिता/ माता/संरक्षक का नाम –
ग्राम/निवासस्थान –
पंचायत का नाम –

जिला–
पूर्ववर्ती विद्यालय का नाम–
प्रवेश लेने वाले विद्यालय का नाम–
विद्यालय में आयोजित होने वाले प्रवेशोत्सव की तिथि–

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

**लक्ष्य–**

- कक्षा 01 से 08 तक प्रवेश एवं आगामी कक्षाओं में अध्ययन निरन्तरता सुनिश्चित करना।

| कार्यक्रम का उद्देश्य | कार्यक्रम की रूपरेखा | कार्यक्रम क्रियान्विती |
|---|---|---|
| • कक्षा 1 में नवप्रवेशी बालकों को चिह्नित कर नामांकित करवाना।<br>• कक्षा 6, 9 एवं 11 में अध्ययन निरन्तर नहीं रख पाने वाले छात्र–छात्राओं पर विशेष ध्यान देना।<br>• ड्रॉप आउट हुए छात्र–छात्राओं की विद्यालय में वापसी।<br>• मौसमी पलायन करने वाले बालक–बालिकाओं के लिये सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित गैर आवासीय विशेष शिक्षण शिविरों से उत्तीर्ण बच्चों को मुख्य धारा में प्रवेश दिलवाना।<br>• बाल श्रम में कार्यरत, ड्रॉप आउट/अनामांकित बालक–बालिकाओं को चिह्नित कर प्रवेश दिलवाना।<br>• केजीबीवि से उत्तीर्ण बालिकाओं हेतु शारदे छात्रावास अथवा अन्य विद्यालयों में उनके अध्ययन की निरन्तरता हेतु ट्रेकिंग प्लान बनाना।<br>• अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को उच्चतम कक्षा पूर्ण होने तक उसी राजकीय विद्यालय में अध्ययन निरन्तरता हेतु अभिभावकों को प्रेरित करना। | • फीडिंग स्कूलों/निवास स्थानों का एक कार्डशीट पर नजरी नक्शा तैयार करना जिसमें नामांकन लक्ष्य और विद्यालय की स्थिति अंकित हो।<br>• शहरी विद्यालयों के निकटस्थ फीडिंग स्कूल/कैचमेन्ट एरिया का निर्धारण।<br>• प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रवेश अभियान के बारे में व्यापक प्रचार–प्रसार करना।<br>• पोस्टर एवं हैण्ड आउट्स प्रिंट करवाकर दूरदराज की ढाणियों तक पहुंच।<br>• रैलियां आयोजित करना जिसमें बैनर एवं नारों के माध्यम से प्रचार–प्रसार, मोहल्ला/ग्रामवार टोलियां बनाकर लक्ष्य समूह से घर–घर सम्पर्क करना, चिन्हित छात्र–छात्रा के अभिभावकों से प्रातः अथवा सायंकाल में सम्पर्क कर बच्चों को आगामी कक्षा में प्रवेश दिलाने हेतु निमन्त्रण पत्र देना। | • पहली कक्षा में प्रवेश लक्ष्य समूह के बच्चों की फीडिंग एरिया/कैचमेन्ट एरिया के आँगनबाड़ी केन्द्रों से प्राप्त करना।<br>• सर्व शिक्षा अभियान से आउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूचियाँ प्राप्त करना।<br>• प्रवेश लेने वाले लक्ष्य समूह के बच्चों को चिह्नित कर सूचियाँ तैयार करवाना।<br>• कक्षा 6 में प्रवेश हेतु बच्चों की सूचियाँ सम्बन्धित प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त करना।<br>• कक्षा 9 में प्रवेश हेतु केजीबीवि तथा मेवात आवासीय व अन्य विद्यालयों से बच्चों की सूचियाँ प्राप्त करना।<br>• कक्षा 11 में प्रवेश हेतु सूचियाँ सम्बन्धित माध्यमिक विद्यालयों से प्राप्त करना।<br>• पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय समितियों की बैठकों में फीडिंग/कैचमेन्ट एरिया का निर्धारण करना।<br>• परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही लक्ष्य समूह के निर्धारण हेतु संस्था प्रधानों से क्रमशः कक्षा 5 उत्तीर्ण, कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण बालक–बालिकाओं की सूचियां प्राप्त करना।<br>• सूचियों का अपडेशन एवं सूचियों के आधार पर सम्बन्धित विद्यालयों को लक्ष्य आवंटित करना।<br>• आवश्यकतानुसार कार्ड्स का मुद्रण करवाना और प्रवेशोत्सव से पूर्व विद्यालयों में पहुँच सुनिश्चित करना।<br>• नव प्रवेशी बालक–बालिकाओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित करना।<br>• नव प्रवेशी बालक–बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण और अन्य प्रोत्साहन सामग्री वितरित करवाना।<br>• प्रभावी मॉनिटरिंग द्वारा नामांकन में कम से कम 15 प्रतिशत वृद्धि करना। |

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# प्रवेशोत्सव

# 2015

## चलो पढ़ाएं, आगे बढ़ाएं

## शिक्षा की निरन्तरता हेतु विशेष अभियान...


**माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान, बीकानेर**

थ्ंग छव 0151.2201861ए चि छवण 0151.2522238

म्.डंपसरू बवउउेमबमकन/लीववण्बवउ

# प्रवेशोत्सव : कार्यक्रम रूपरेखा

## (चलो पढ़ाएं– आगे बढ़ाएं)

**वर्तमान स्थिति –**

प्रवेशोत्सव का आशय सामान्यतया पहली कक्षा में नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिये ही केन्द्रित समझा जाता है। गत वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात होता है कि आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के मद्देनजर पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या एवं कक्षोन्नति दर को एक पूर्ववर्ती कक्षा के आंकड़ों को देखा जाए तो कक्षा 6, 9 एवं कक्षा 11 में प्रवेश लेने अथवा आगे अध्ययन को निरन्तर रखने की प्रतिशतता में गिरावट दिखाई देती है।

राज्य शासन एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न अभियानों के संचालन, विशेष तौर से बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं के बावजूद माध्यमिक शिक्षा स्तर की शिक्षा निरन्तर रखने हेतु कक्षा 1, 6, 9 एवं 11 पूर्ववर्ती कक्षाओं से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूचियाँ प्राप्त करते हुए आगामी कक्षा में प्रवेश हेतु जतंबापदह किया जाना अति आवश्यक समझा गया है।

अतः वर्ष 2015–16 हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सत्रारम्भ के साथ ही प्रवेशोत्सव का विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा जिसमें अभिभावकों एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शिक्षा जगत में अध्ययन में निरन्तरता के इस अभियान को सफल बनाना प्रमुख उद्देश्य है।

**उद्देश्य –**

- कक्षा 1 में नवप्रवेशी बालकों को चिह्नित कर नामांकित करवाना।
- अध्ययन की निरन्तरता हेतु कक्षा 6, 9 एवं 11 में अध्ययन निरन्तर नहीं रख पाने वाले छात्र–छात्राओं पर विशेष ध्यान देना।
- ड्रॉप आउट हुए छात्र–छात्राओं को ठंबा.जवे.बीववसहेतु कार्ययोजना बनाना।
- मौसमी पलायन करने वाले बालक–बालिकाओं के लिये सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित गैर आवासीय विशेष शिक्षण शिविरों से उत्तीर्ण बच्चों को मुख्य धारा में प्रवेश दिलवाना।
- बाल श्रम में संलग्न ड्रॉप आउट/अनामांकित बालक–बालिकाओं को चिह्नित कर पूर्ववर्ती कक्षा से आगे अध्ययन हेतु प्रवेश दिलवाना।
- केजीबीवी से उत्तीर्ण बालिकाओं हेतु शारदे छात्रावास अथवा अन्य विद्यालयों में उनके अध्ययन की निरन्तरता हेतु जतंबापदह प्लान बनाना।
- माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को उच्चतम कक्षा पूर्ण होने तक उसी विद्यालय में अध्ययन निरन्तरता हेतु अभिभावकों को प्रेरित करना।

**दो प्रमुख चरण –**

1. प्रथम चरण – दिनांक 11 मई 2015 से 16 मई 2015 तक
2. द्वितीय चरण – शेष रहे हार्ड कोर लक्ष्य समूह हेतु दिनांक 26जून2015 से 30 जून 2015 तक।

**दो आयामी प्रयास**

- उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 1 में 5छात्र छात्राओं का प्रथम प्रवेश करवाना।
- उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6, 9 एवं 11 में अध्ययन निरन्तरता हेतु प्रवेश।

**पूर्व तैयारियाँ एवं प्रचार–प्रसार/आई.ई.सी(**प्दवितउंजपवद वित म्कनबंजपवद ब्वउउनदपबंजपवद**)–**

- नजरी नक्शा बनाना – उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों में उनके फीडिंग स्कूलों/वासस्थानों का एक कार्डशीट पर नक्शानजरी तैयार करना जिसमें नामांकन लक्ष्य और विद्यालय की स्थिति एवं उपलब्धि (।ज ं हसंदबम) अंकित हो।

- शहरी विद्यालयों के निकटस्थ फीडिंग स्कूल/कैचमेन्ट एरिया का निर्धारण।
- प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा शिक्षा के निरन्तरता हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे अभियान के बारे में व्यापक प्रचार–प्रसार करना।
- शिक्षा की निरन्तरता की इस अभिनव पहल पर आधारित पोस्टर एवं हैण्ड आउट्स प्रिंट करवाना।
- ढोल एवं गाजे–बाजे के साथ रैलियां आयोजित करना जिसमें बैनर एवं नारों के माध्यम से प्रचार–प्रसार करने हेतु मोहल्ला/ग्रामवार टोलियां बनाकर लक्ष्य समूह से घर–घर सम्पर्क करने करते हुए लक्ष्यसमूह को पीले, नीले, लाल एवं सफेद कार्ड सम्बन्धित छात्र–छात्रा के अभिभावकों को प्रातः अथवा सायंकाल में वितरित कर उनके बच्चों को आगामी कक्षा में प्रवेश दिलाने हेतु निमन्त्रित करना।
- कार्ड विवरण निम्नानुसार होगा –
  1. लाल कार्ड– नवीन प्रवेश कक्षा 1 हेतु
  2. पीला कार्ड– कक्षा 6 में प्रवेश हेतु
  3. नीला कार्ड– कक्षा 9 में प्रवेश हेतु
  4. सफेद कार्ड– कक्षा 11 में प्रवेश हेतु

  कार्ड का नमूना :–

उपरोक्त नमूना अनुसार लाल, पीला, नीला एवं सफेद कार्ड छपवाकर सम्बन्धित लक्ष्य समूह को वितरित किया जावेगा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान
प्रवेशोत्सव अभियान 2015
**कक्षा 1 में प्रवेश हेतु निमन्त्रण**
जिला– ब्लॉक –
नाम छात्र/छात्रा –
पिता/ माता/संरक्षक का नाम –
ग्राम/वासस्थान –
पंचायत का नाम –
पूर्ववर्ती विद्यालय का नाम –
प्रवेश लेने वाले विद्यालय का नाम –
विद्यालय में आयोजित होने वाले प्रवेशोत्सव की तिथि –

हस्ताक्षर संस्था प्रधान
आदर्श उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालय ...............

**लक्ष्य समूह निर्धारण –**

- पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले लक्ष्य समूह के बच्चों की सूचियाँ फीडिंग एरिया/कैचमेन्ट एरिया के आँगनबाड़ी केन्द्रों से प्राप्त करना।
- सर्व शिक्षा अभियान से आउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूचियाँ प्राप्त करना।
- प्रवेश लेने वाले लक्ष्य समूह के बच्चों को चिह्नित कर सूचियाँ तैयार करवाना।
- कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की सूचियाँ सम्बन्धित प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त करना।
- कक्षा 9 में प्रवेश हेतु प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की सूचियाँ सम्बन्धित उच्च प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त करना।
- कक्षा 11 में प्रवेश हेतु माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की सूचियाँ सम्बन्धित माध्यमिक विद्यालयों से प्राप्त करना।

**कन्वर्जेन्स**

- प्रशासन।
- शिक्षा विभाग (प्रारंभिक शिक्षा)
- शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा)
- डाईट।
- शहरी निकाय।
- एनजीओ।
- समाज कल्याण विभाग।
- महिला एवं बाल विकास।
- साक्षरता एवं सतत् शिक्षा।
- लक्ष्य समूह के अभिभावक।
- सर्व शिक्षा अभियान।
- राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान।

**योजना–**

- लक्ष्य निर्धारण।
- लक्ष्य आवंटन।
- नोडल विद्यालय निर्धारण।
- लक्ष्य प्राप्ति हेतु अभियान संचालन।
- कार्यक्रम केलेण्डर जारी करना।
- दायित्व एवं भूमिका निर्धारण।
- विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन।
- उपलब्धि की समीक्षा करना।
- दो चरणों में क्रियान्वयन।
- हार्ड कोर बच्चों के लक्ष्य अर्जित करने हेतु द्वितीय चरण में विशेष प्रयास।
- प्रत्येक ि ाक्षक को कक्षा 01 से 05 तक पाँच–2 बालकों को प्रवे ा दिलाने का लक्ष्य निर्धारण।
- सर्वाधिक नामांकन कराने वाले ि ाक्षक को सम्मानित किया जाना।

**क्रियान्विति कलेण्डर–**

- पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय समितियों की बैठकों में फीडिंग/कैचमेन्ट एरिया का निर्धारण करना।
- परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही लक्ष्य समूह के निर्धारण हेतु संस्था प्रधानों से क्रमशः कक्षा 5 उत्तीर्ण, कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण बालक–बालिकाओं की सूचियां प्राप्त करना।
- सूचियों का अंसपकंजपवद करवाना।
- सूचियों के आधार पर सम्बन्धित विद्यालयों को लक्ष्य आवंटित करना।
- आवश्यकतानुसार कार्ड्स का मुद्रण करवाना और प्रवेशोत्सव से पूर्व विद्यालयों में पहुँच सुनिश्चित करना।
- प्रवेशोत्सव से पूर्व प्रतिदिन का कार्यक्रम बनाकर समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करना।
- नव प्रवेशी बालक–बालिकाओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित करना।
- नव प्रवेशी बालक–बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण और अन्य प्रोत्साहन सामग्री वितरित करवाना।
- समय समय पर प्रभावी मॉनिटरिंग द्वारा नामांकन का शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करना।

---

# प्रवेशोत्सवकार्यक्रम 2015
## प्रथम चरण माह मई 2015 (11.05.2015 से 16.05.2015)

| क्र.स. | दिनांक | वार | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | 11 मई 2015 | सोमवार | (I)सीटीएस सर्वे अनुसार विद्यालय जाने योग्य बच्चों की खोज करना।<br>(II) विद्यालयों से लक्ष्य समूह की सूचियां प्राप्त करना एवं कार्ड तैयार करना।<br>(III)बालक–बालिकाओं एवं अध्यापकों की टोलियों का गठन कर अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित करना।<br>(IV)स्वयं प्रवेश लेने वाले बच्चों का प्रवेश करवाना,<br>(V) बालिका नामांकन/बालिका प्रवेश हेतु विशेष ध्यान देना। |
| 2. | 12 मई 2015 | मंगलवार | (I)विद्यालय परिसर की साज–सज्जा कर जनप्रतिनिधियों,अभिभावकों एवं बच्चों के साथ।<br>(II)शिक्षा की महत्ता से सम्बन्धित बैनर, स्टीकर, नारे आदि का उपयोग करते हुए रैली निकालना।<br>(III) मोहल्ला बैठकों द्वारा विद्यालयों से वंचित हुए बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करना<br>(IV)घर–घर सम्पर्क द्वारा कार्ड वितरण करना। |
| 3. | 13 मई 2015 | बुधवार | (I)स्थानीय जनप्रतिनिधियों/अभिभावकों की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित करना।<br>(II) प्रार्थना सभा के आयोजन में ही नवीन प्रवेश लेने वाले बालक–बालिकाओं का माला एवं तिलक लगाकर स्वागत करना। |
| 4. | 14 मई 2015 | गुरूवार | (I)बाल सभा एवं ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना जो बच्चों को प्रवेश दिलाने में प्रेरक बने।<br>(II)बच्चों की चित्रकला एवं सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना।<br>(III)बच्चों हेतु खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, बाल मेलों का आयोजन, शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन। |
| 5. | 15 मई 2015 | शुक्रवार | प्रभात फेरी आयोजन तथा नव प्रवेशी बालक–बालिकओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण। |
| 6. | 16 मई 2015 | शनिवार | (I)प्रवेश योग्य वंचित रह गये बच्चों को प्रवेश देने के लिए विशेष प्रयास करना।<br>(II)अभिभावकों से सम्पर्क कर शाला में प्रवेश हेतु आने वाली समस्याओं की जानकारी लेना।<br>(III)समारोह आयोजित कर नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत, पहचान–पत्र, बैज इत्यादि सामग्री का जनप्रतिनिधियों/संस्थाप्रधानों द्वारा वितरण के साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक/प्रोत्साहन सामग्री का वितरण।<br>(IV) अवधि के दौरान किये गये कार्यों की समीक्षा एवं उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार एवं किये गये कार्यों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना।<br>(V)आगामी 26 जून 2015 से प्रवेश हेतु योजना तैयार करना। |

## द्वितीय चरण माह जून 2015 (26.06.2015 से 30.06.2015)

| क्र. स. | दिनांक | वार | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | 26 जून 2015 | शुक्रवार | (I) प्रथम चरण में शेष रहे हार्ड कोर बच्चों की सूचियां तैयार करना, मोहल्ला बैठकों एवं घर–घर सम्पर्क हेतु योजना बनाना।<br>(II)विद्यालय परिसर की साज–सज्जा जनप्रतिनिधियों,अभिभावकों एवं बच्चों के साथ।<br>(III)शिक्षा की महत्ता से सम्बन्धित बैनर, स्टीकर, नारे आदि का उपयोग करते हुए रैली निकालना।<br>(IV) मोहल्ला बैठकों द्वारा विद्यालयों में प्रवेश से वंचित हुए बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करना<br>(V)घर–घर सम्पर्क द्वारा कार्ड वितरण करना। |
| 2. | 27 जून 2015 | शनिवार | (I)स्थानीय जनप्रतिनिधियों/अभिभावकों की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम योजना की समीक्षा करना।<br>(II)स्थानीय जन प्रतिनिधि, सरपंच, वार्ड पंच/सदस्य एवं सम्मानित व्यक्तियों द्वारा मोहल्ला बैठकों का आयोजन कर विद्यालयों में प्रवेश से वंचित हुए बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करना |
| 3. | 29 जून 2015 | सोमवार | (I)पुनः विद्यालय में प्रवेश पाने से वंचित हुए बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करना एवं रैली/प्रभात फेरी का आयोजन।<br>(II)अभी भी प्रवेश से वंचित रह गये बालक–बालिकाओं के घर–घर सम्पर्क कर प्रवेश हेतु प्रेरित करना। |
| 4. | 30 जून 2015 | मंगलवार | (I)प्रवेश योग्य वंचित रह गये बच्चों को प्रवेश देने के लिए विशेष प्रयास करना।<br>(II)अभिभावकों से सम्पर्क कर शाला में प्रवेश हेतु आने वाली समस्याओं की जानकारी लेना।<br>(III) अवधि के दौरान किये गये कार्यों की समीक्षा एवं उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार एवं किये गये कार्यों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना। |

अभिभावक सम्पर्क/जन सम्पर्क करने से पूर्व यह आवश्यक है कि शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं के जिन अभिभावकों से सम्पर्क किया जाना है उनकी सूची विद्यालय स्तर तक प्रत्येक शिक्षक के पास उपलब्ध हो। इस हेतु विद्यालय के आस–पास के क्षेत्र में शिक्षा से वंचित अनामांकित बच्चों के प्रवेश हेतु V.E.R.(Village Education Register) W.E.R. (Ward Education Register) का भी प्रयोग किया जा सकता है जिसे उस क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के नोडल प्रधानाध्यपक से प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2015** **प्रपत्र संख्या– 1**

**ग्रामवार/विद्यालयवार सर्वेक्षित बालक/बालिकाओं के विवरण की सूची**

ग्राम/विद्यालय का नाम.................................................................. ग्राम पंचायत/नगरपालिका का नाम.............................................

| क्र.सं. | नाम बालक/बालिका | पिता का नाम | आयु/ जन्मतिथि | वार्ड/गांव का नाम | आधर सर्वे सीटीएस/सम्पर्क | पहचान विवरण नवीन/ड्रॉप आउट | पूर्व स्कूल का विवरण | ड्रॉप आउट का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | | |
| 14 | | | | | | | | |
| 15 | | | | | | | | |
| 16 | | | | | | | | |
| 17 | | | | | | | | |
| 18 | | | | | | | | |
| 19 | | | | | | | | |
| 20 | | | | | | | | |
| 21 | | | | | | | | |
| 22 | | | | | | | | |
| 23 | | | | | | | | |
| 24 | | | | | | | | |
| 25 | | | | | | | | |
| 26 | | | | | | | | |
| 27 | | | | | | | | |
| 28 | | | | | | | | |
| 29 | | | | | | | | |
| 30 | | | | | | | | |

हस्ताक्षर अध्यापक

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2015 प्रपत्र संख्या– 2

## द्यालयवार जोडे गये बालक–बालिका से संबंधित सू

विद्यालय का नाम....................................

| क्रसं | नाम बालक/बालिका | पिता का नाम | आयु/जन्म तिथि | वार्ड/ग्राम का नाम | निवास स्थान से विद्यालय की दूरी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2015
## प्रपत्र–3(**संशोधित**)

प्रगति विवरण　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विद्यालय स्तर–

विद्यालय का नाम –––––––　　　　　　　　　　　　पंचायत/निकाय –　　　　　　　　　　पंचायत समिति –

| दिनांक | कक्षा 1 में प्रवेश | | | कक्षा 2 में प्रवेश | | | कक्षा 3 में प्रवेश | | | कक्षा 4 में प्रवेश | | | कक्षा 5 में प्रवेश | | | कक्षा 6 में प्रवेश | | | कक्षा 7 में प्रवेश | | | कक्षा 8में प्रवेश | | | कक्षा 9 में प्रवेश | | | कक्षा १० में प्रवेश | | | कक्षा 11 में प्रवेश | | | कक्षा 12 में प्रवेश | | | योग नामांकन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | | उपलब्धि | | |
| | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T | B | G | T |
| 11-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 12-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 13-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 14-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 15-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 16-May-15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| योग–अ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 26 जून 15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 27 जून 15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 28 जून 15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 29 जून 15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 30 जून 15 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| योग–ब | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| महायोग अ + ब | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2015 प्रपत्र संख्या–4

श्रेणीवार प्रवेशित बालक/बालिकाओं का संख्यात्मक विवरण

| अनु.जाति | | अजजाति | | अपिव | | अल्पसंख्यक | | विशेष योग्यजन | | सामान्य | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2015
## प्रपत्र संख्या–5 (**संशोधित**)

श्रेणीवार प्रवेशित बालक/बालिकाओं का संख्यात्मक विवरण

| कक्षा | अनु.जाति | | अजजाति | | अपिव | | अल्पसंख्यक | | विशेष योग्यजन | | सामान्य | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात | नामांकन अभियान से पूर्व | नामांकन अभियान पश्चात |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** | **14** | **15** |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | | | | | | | | |
| योग | | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर संस्था प्रधान